**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**विश्व जल दिवस**

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर में जल संकट से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रेरित करना है। विश्व जल दिवस पर इस वर्ष का विषय ग्लेशियर संरक्षण है। यह वैश्विक मीठे पानी की आपूर्ति बनाए रखने में ग्लेशियर की महत्वपूर्ण भूमिका और जलवायु संरक्षण उपायों की तत्काल आवश्यकता पर बल देता है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है।

**शून्यकाल**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में जिन भी अधिकारियों के नाम आएंगे वह सभी नामजद किए जाएंगे। विधानसभा में आज विधायक रणधीर शर्मा द्वारा शून्यकाल के दौरान विमल नेगी मौत मामले में हुई एफआईआर के सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक अधिकारी की संदिग्ध मृत्यु हुई है, ऐसे में वह सदन में आश्वासन दिलवाना चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे सरकार उसी के दृष्टिगत आगे की कार्रवाई करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विमल नेगी मामले में एफआईआर दर्ज हुई है और परिजनों के बयान के आधार पर ही ये एफआईआर दर्ज की गई है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज किन्नौर ज़िले कटगांव से संबंध रखने वाले दिवंगत चीफ इंजीनियर विमल नेगी के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से अपनी संवेदनाएं प्रकट की। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि विमल नेगी की संदिग्ध मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और भाजपा इसमें निष्पक्ष जांच की मांग

करती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है और मंडी ज़िले के पुलघराट में भी बीती रात गोलीकांड एक घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात बाईस सवारों ने एक ढाबा संचालक को गोली मार दी।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की और हिमाचल प्रदेश की ऊर्जा परियोजनाओं में आ रही समस्याओं के संबंध में बातचीत की। सिकंदर कुमार ने धर्मशाला व शिमला के अलावा अन्य शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने का आग्रह किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आ रही दिक्कतों से भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 24 हज़ार मैगावॉट से अधिक की विद्युत क्षमता है जिसमें से लगभग 11 हज़ार मैगावॉट के आसपास उत्पादन हो रहा है। सिकंदर कुमार ने प्रदेश में पावर प्रोजैक्टस को लेकर केन्द्रीय सहायता व सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सांसद सिकंदर कुमार द्वारा उठाए गए विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश दिए।

## जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित मोबाइल वैन जागरूकता अभियान जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, अग्निकांड व अन्य आपदाओं से बचाव और तैयारी के बारे में जागरूक करना है।